हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, शनिवार, 4 जनवरी 2025

## एमआईडीसी में ट्रक की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार पिग्मी एजेंट की मौत



**नागपुर.** हिंगणा मार्ग पर राजीवनगर बस स्टॉप के पास एक टिप्पर और मोटरसाइकिल के बीच हुई भिड़ंत में वर्धा के 45 वर्षीय पिग्मी एजेंट की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे हुई।

मृतक का नाम अतुल शंकरराव बुरघाटे (44)वर्धा निवासी था। वह एक पिग्मी एजेंट के रूप में काम करता था और एमआईडीसी इलाके में वसूली के लिए आया हुआ था। घटना के समय वह अपनी मोटरसाइकिल क्र. एमएच 32 Z 5248 से वर्धा वापस जा रहा था। राजीवनगर बस स्टॉप के पास जब वह यूटर्न लेकर हिंगणा की दिशा में जा रहा था, तभी सामने से आ रहे रेत से भरे ट्रक क्र. एमएच 40 DL 6762 ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस टक्कर में अतुल के सिर पर पहना हुआ हेलमेट टूट गया और सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण वह मौके पर ही गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। थोड़ी देर में घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई, जिस के कारण ट्रक चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया।

एमआईडीसी पुलिस स्टेशन को घटना की जानकारी मिलने पर थानेदार महेश चौहान, सहायक पुलिस निरीक्षक माने और पुलिस स्टाफ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने पंचनामा किया और मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने टिप्पर को कब्जे में ले कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# वारदात में शामिल चार आरोपी गिरफ्तार, मुख्य अभियुक्त अभी भी फरार

**नागपुर.**

नागपुर जिले में नए साल के दूसरे ही दिन गैंगवार के चलते दिनदहाड़े गोली मार कर एक कुख्यात अपराधी की हत्या कर दी गई।यह घटना शेखू गैंग और हिरणवार गैंग के बीच पुरानी दुश्मनी के चलते होने की जानकारी है। इस गोलीबारी मामले में अभी तक चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है और उनके अन्य साथियों की तलाश कर रही है। इसी के साथ हत्याकांड मुख्य सूत्रधार शेखू खान भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

जानकारी के अनुसार हिरणवार गैंग के सदस्य गुरुवार दोपहर अपनी कार से जा रहे थे इस दौरान शेखू गैंग के सदस्यों ने उनका पीछा किया और



खापरखेडा के पास कार पर अंधाधुंद गोलीबारी कर दी। इस गोलीबारी में पवन हिरणवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके भाई बंटी हिरणवार और एक अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना किसी फिल्म के दृश्य जैसी थी। गोलीबारी के बाद शेखू गैंग के सदस्य फरार हो गए।

सूत्रों के अनुसार शेखू गैंग और पवन हिरणवार गैंग के बीच कई सालों से दुश्मनी चल रही है। हिरणवार गैंग ने कुछ समय पहले शेखू के छोटे भाई की हत्या कर दी थी। इसी बदले की भावना से शेखू हिरणवार बंधुओं को खत्म करना चाहता था। पवन हिरणवार और बंटी हिरणवार अपने तीन साथियों के साथ बाभुळखेडा में पंचमुखी हनुमान मंदिर में दर्शन करने गए थे। इसी दौरान शेखू को उनकी लोकेशन का पता चला और उसने अपने साथियों के साथ उनकी कार का पीछा करना शुरू कर दिया। खापरखेडा पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले गोंडखैरी रोड पर शेखू गैंग ने पवन की कार पर हमला कर दिया।

गोलीबारी के दौरान दो बाइक सवारों ने कार के बीच में अपनी बाइक लगाकर पवन हिरणवार पर गोलीबारी की। इस हमले में पवन की पीठ में गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई। बंटी भी गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। कार में सवार अन्य दो युवकों ने शेखू गैंग पर पलटवार किया, जिसके कारण शेखू गैंग को भागना पड़ा। इस घटना में शेखू का पिस्तौल भी घटनास्थल पर गिर गई जिसे पुलिस ने जप्त किया है। खापरखेडा पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और चार आरोपियों को अभी तक गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में सिद्धार्थ कोवे, बाबू शाक्य, अधिराज कनौजिया और ललित भुसारी का समावेश है।

सूत्रों की माने तो हिरणवार गैंग के एक सदस्य ने शेखू को पवन और बंटी के बारे में जानकारी दी थी। इसी आधार पर ही शेखू ने हिरणवार बंधुओं पर हमला किया। इस घटना से शहर में एक बार फिर गैंगवार भड़कने की आशंका पैदा हो गई है।

## निवेश के नाम पर व्यवसायी से हुई

**नागपुर.** एमआईडीसी पुलिस थाने क्षेत्र में एक धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जिसमें आरोपियों ने एक व्यवसायी से 7.63 करोड़ रुपये की ठगी की। शिकायतकर्ता जितेन्द्र नरहरी जोशी (41) प्लॉट नंबर 32, वेदांत अपार्टमेंट त्रिमूर्ति नगर निवासी ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है, जिन्होंने उन्हें बैंक खातों में पैसे जमा करने के बाद अच्छा मुनाफा मिलने का वादा किया था। शिकायतकर्ता की कंपनी 'जे. एम.जे. अप्लाय एंड स्टोनफायर' नामक एक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट चलाती है। शिकायतकर्ता के पुराने जानकार आरोपी जयंत गुलाबराव सुपारे (43) और उनकी पत्नी केसरी जयंत सुपारे (35) श्री साई अपार्टमेंट, प्रताप नगर निवासियों ने शिकायतकर्ता को वोल्टम पॉवरटेक कंपनी में पैसे निवेश करने का लालच दिया। आरोपियों ने शिकायतकर्ता को यह आश्वासन दिया कि उनके निवेश पर अच्छा मुनाफा मिलेगा, जिससे उन्होंने १ जनवरी २०२० से ३० जून २०२४ तक विभिन्न बैंक खातों में कुल 7,63,47,733 रुपये जमा कर दिए।

## एनईपी से छात्रों का हो रहा सर्वांगीण विकास-डॉ. राजेंद्र काकड़े

### > विश्वविद्यालय में स्कूल कनेक्ट प्रशिक्षण कार्यशालाएँ

**नागपुर.**

माननीय प्रभारी प्रति-कुलपति डॉ. ने जोर देकर कहा कि छात्र अपनी रुचि के पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकेंगे और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से छात्रों का सर्वांगीण विकास होगा। राजेंद्र काकडे द्वारा. स्कूल कनेक्ट कार्यक्रम के तहत मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यशाला शुक्रवार, 3 जनवरी, 2025 को विश्वविद्यालय के गुरु नानक भवन में आयोजित की गई थी। आईक्यूएसी विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में डॉ. कौवे मार्गदर्शन कर रहे थे.

कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय प्रतिकुलपति डॉ. राजेंद्र काकड़े ने निभाई। कार्यशाला की अध्यक्षता विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकायाध्यक्ष डॉ. डॉ. प्रशांत माहेश्वरी, कुलपति, वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय। डॉ. संजय कविश्वर, डीन, मानव विज्ञान संकाय। डॉ. शामराव कोरेटी, अंतःविषय अध्ययन संकाय। प्रशांत कडू, आईक्यूएसी निदेशक डॉ. स्मिता आचार्य उपस्थित रहीं। कार्यशाला में आगे मार्गदर्शन करते हुए प्रतिकुलपति डॉ. छात्रों के साथ-साथ माता-पिता भी इस बारे में बात करते हैं कि काकाडे को किस स्कूल और कौन से कोर्स में पढ़ाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है और शिक्षा ही देश, समाज और घर को आगे ले जाती है। कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं के छात्रों को यह पता होना चाहिए कि वे किस ब्रांच में कौन से विषय और कोर्स की पढ़ाई कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन विद्यार्थियों को यह जागरूक करने के लिए किया गया कि किस संकाय में कौन से विषय आते हैं। छात्रों को शिक्षा की बदली हुई संरचना, शिक्षा को प्रोत्साहित करने वाली विभिन्न प्रकार की गतिविधियों, योजनाओं और छात्रवृत्तियों के बारे में जानकारी देना आवश्यक है। मातृभाषा के माध्यम से पढ़ाई करते समय छात्रों को सभी अवधारणाओं की स्पष्टता मिलती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए अंग्रेजी सीखकर शैक्षणिक योग्यता बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि एनईपी के अनुरूप एक ऐसा अंतरराष्ट्रीय मानक शैक्षणिक ढांचा तैयार किया गया है.

## 60 लाख रुपये की अवैध शराब पर चला रोड रोलर

-जोन 5 की सक्रियता से शहर में शराब तस्करी पर कसा गया शिकंजा

नागपुर. शहर पुलिस सीमा के तहत जोन 5 द्वारा वर्ष 2020 से अब तक की गई बड़ी कार्रवाई में जब्त की गई लगभग 60 लाख रुपये की अवैध शराब को शुक्रवार को नष्ट कर दिया गया। यह शराब पारडी पुलिस थाने के सामने खुले मैदान में नष्ट की गई, जिसमें करीब 345 लीटर देसी और 20 हजार से अधिक बोतले विदेशी शराब की शामिल है।

पुलिस उपायुक्त निकेतन कदम की उपस्थिति में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। डीसीपी कदम ने बताया कि यह कार्रवाई शहर पुलिस आयुक्त डॉ. सिंगल के मार्गदर्शन में की जा रही है। नष्ट की गई इस शराब को 402 मामलों में जब्त किया गया था। इन शराब की बोतलों में देसी और



विदेशी दोनों प्रकार की शराब शामिल है। इस कार्रवाई में पुलिस के साथ-साथ आबकारी विभाग ने भी सहयोग किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कार्रवाई के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। डीसीपी कदम ने कहा कि यह कार्रवाई अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने और समाज में शराब की अवैध तस्करी को समाप्त करने के लिए की जा रही है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि शहर पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## नायलान मांजे के साथ 3 आरोपी अरेस्ट

**नागपुर.** क्राइम ब्रांच द्वारा की गई दो अलग-अलग कार्रवाईयों में प्रतिबंधित नायलान मांजा समेत कुल 3,18,500 रुपये का माल जब्त किया गया। इस दौरान एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, क्राइम ब्रांच की यूनिट 5 ने गुप्त सूचना के आधार पर प्रेमनगर निवासी शीतल विनोद मानमोडे (35) के घर पर रात करीब 8:05 बजे छापेमारी की। वहां से 32,000 रुपये का 16 चक्री नायलान मांजा जब्त किया गया। इसके बाद, सामाजिक सुरक्षा विभाग की टीम ने रात करीब 8 बजे धनगवली नगन, पारडी स्थित छत्रपति चौक पर एक दोपहिया वाहन (एमएच59/ए-2489) को रोका। वाहन पर रवि और कपिल सवार थे। उन के पास मिली बोरी की जब जांच की गई तो उसमें 103 चक्री नायलान मांजा बरामद हुआ। पुलिस ने रवि और कपिल से नायलान मांजा, दोपहिया वाहन और 2 मोबाइल फोन समेत कुल 2,86,500 रुपये का माल जब्त किया।

## क्रांतिसूर्य ज्योतिराव फुले,सावित्री माई ने 'भारत रत्न' दिया - डॉ.हुल्गेश चलावाड़ी

**नागपुर.** बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव एवं पश्चिम महाराष्ट्र के मुख्य प्रभारी डॉ. हुलगेश चलवाड़ी ने मांग की कि देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'भारत रत्न' महान समाज सुधारक क्रांतिसूर्य महात्मा ज्योतिराव फुले और सावित्रीमाई फुले को दिया जाना चाहिए, जिन्होंने अपना जीवन लगा दिया। महिला शिक्षा. उन्होंने सावित्रीमाई फुले को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि भारत रत्न महान ज्योति राव और सावित्रीमाई का दर्जा और ऊंचा करेगा।

फुले दम्पति ने भारतीय समाज को समानता का मूलमंत्र दिया। शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, जातिगत भेदभाव उन्मूलन और सामाजिक सुधार में उनका योगदान अतुलनीय है। डॉ. चलवाडी ने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि ऐसे महान विभूतियों को आज भी उचित सम्मान नहीं दिया गया है, इस अवसर पर डॉ. चलवाडी ने यह भी स्पष्ट किया कि वे राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं केन्द्रीय गृह मंत्री को पत्र भेजकर केन्द्र सरकार से इस संबंध में विचार करने का अनुरोध करेंगे। इस मामले पर तुरंत फैसला. इस अवसर पर उन्होंने दृढ़ मत व्यक्त किया कि यदि फुले दम्पति को भारत रत्न दिया जाता है तो उनके विचारों और कार्यों की विरासत भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी।

क्रांतिकारी विचारक, सामाजिक समानता के समर्थक, स्त्री शिक्षा के प्रणेता, क्रांतिसूर्य महात्मा ज्योतिराव फुले ने समाज में मजदूर वर्ग के शोषण और सामाजिक गुलामी की चर्चा की। फुले दम्पति ने बहुजन समाज को शिक्षा का महत्व बताया और उन्हें सम्मान से जीने की राह दिखाई। उन्होंने महिलाओं के लिए शिक्षा के दरवाजे खोले और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाया। डॉ. चलवादी ने यह भावना व्यक्त की कि उन्होंने समाज को अज्ञानता, अंधविश्वास, छुआछूत, जातिगत भेदभाव, धार्मिक व्यवस्था की गुलामी से बाहर निकाला और एक वैचारिक और सामाजिक क्रांति पैदा की।

शासकों को किसान, बहुजन समाज को केंद्र में रखकर नीतियां बनानी चाहिए। क्रांतिसूर्य महात्मा ज्योतिराव फुले के विचार राज्य और देश को विकास के पथ पर आगे ले जाने की ताकत रखते हैं। डॉ. चलावाड़ी ने कहा कि यह बड़ी त्रासदी है कि समाज के लिए बहुत कुछ करने वाले फुले दंपत्ति को अभी तक भारत रत्न पुरस्कार से सम्मानित नहीं किया गया है.

## ताजबाग दरगाह से अजमेर के लिए चादर के साथ जत्था रवाना

**नागपुर,**

हजरत बाबा ताजुद्दीन ट्रस्ट की ओर से अजमेर शरीफ स्थित हजरत ख्वाजा गरीब नवाज रहमतुल्लाह अलैह के सालाना उर्स के लिए चादर भेजी गई, चादर को पहले हजरत बाबा सैयद मोहम्मद ताजुद्दीन रहमतुल्लाह अलैह की मजार शरीफ पर पेश किया गया. इसके बाद चादर को लेकर संदल निकाला गया. पश्चात चादर लेकर श्रद्धुलों का जत्था अजमेर के लिए रवाना हुआ. इस चादर को ७ जनवरी को ख्वाजा गरीब नवाज रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह में छट शरीफ पर पेश किया जायेगा. इस अवसर पर



प्रमुख रूप से हजरत बाबा ताजुद्दीन ट्रस्ट के चेयरमैन प्यारे जिया खान, सचिव ताज अहमद राजा, उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र जिचकार, ट्रस्टी हाजी फरूखभाई बावला, गजेंद्रपाल सिंह लोहिया, हाजी इमरान खान ताज़ी, मुस्तफाभाई टोपीवाला, बाबा ताजुद्दीन दरगह खुद्दाम कमेटी के अध्यक्ष सैयद मोबीन ताज़ी आदि उपस्थित थे .

## मंत्री नितीन गडकरी ने अक़ीदत की चादर भेजी

**नागपूर.**

केंद्रीय मंत्री नितिनजी गडकरी साहब ने अपनी अक़ीदत की चादर मोहसिन ज़फर खान भाजपा नागपुर शहर अध्यक्ष अल्पसंख्ययंक मोर्चा के हाथो रवाना की इस मौके पर उन्होंने अपनी शुभकामना लेटर भी भेजा और देश मे अपन चैन रहे हिन्दू मुस्लिम भाई भाई बन कर रहे और गरीब नवाज़ सबकी दुआ कुबूल करें ऐसा केंद्रीय मंत्री नितिनजी गडकरी साहब ने कहा और इस 813 वे वार्षिक उर्स की तमाम देश वासियो को मुबारकबाद दी.



## आदिवासी युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की करें पहल, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने दिया निर्देश

**नागपुर.**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी आदिवासी विकास विभाग की राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। ये प्रतियोगिताएं पुलिस लाइन टाकली स्थित पुलिस मुख्यालय मैदान में आयोजित की गई हैं। आज से 5 जनवरी तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में राज्य के सरकारी और अनुदानित आश्रम स्कूलों के 1,917 आदिवासी खिलाड़ी भाग लेंगे।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण देकर जनजातीय युवाओं के कौशल



का विकास करें। प्रशिक्षित करने की व्यवस्था करें। केंद्रीय मंत्री ने आदिवासी विकास विभाग को निर्देश दिए कि आदिवासी बच्चियां एयर होस्टेस बननी चाहिए। उन्हें पायलट, गुणवत्तापूर्ण शेफ बनना चाहिए। उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने की पहल करें।

उद्घाटन समारोह में आदिवासी विकास मंत्री डॉ. अशोक उइके, पूर्व महापौर माया इवानाते, पूर्व विधायक टेकचंद सावरकर, आदिवासी आयुक्त नयना गुंडे, अपर आयुक्त रवींद्र ठाकरे, कृष्णा राव प्रतिकी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## शहर में साल 2024 में यातायात पुलिस विभाग की बेहतरीन कार्यप्रणाली

### > नियमों का उल्लंघन करने वालों पर हुई सख्त कार्रवाई

**नागपुर.**

शहर के यातायात पुलिस विभाग ने साल 2024 में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले बेशिस्त वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। वर्ष 2023 के मुकाबले 2024 में इस कार्रवाई की संख्या में बड़ा इजाफा हुआ है। 2024 के दौरान 1 जनवरी से 31 दिसंबर



तक कुल 14,22,79,937 वाहनों पर कार्रवाई की गई, जबकि 2023 में यह संख्या 12,84,12,802 थी, यानी 1,38,67,135 ज्यादा वाहनों पर कार्रवाई की गई।

यातायात विभाग ने ओवरस्पीडिंग, अवैध रूप से अधिक संख्या में यात्री बैठाना, गलत दिशा में वाहन चलाना, बिना लाइसेंस ड्राइविंग, और कई अन्य उल्लंघनों के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। इन उल्लंघनों के लिए हजारों चालान जारी किए गए और संबंधित चालकों पर दंड लगाया गया।

**ओवरस्पीडिंग:** 2024 में 22,246 मामलों में कार्रवाई की गई, जबकि 2023 में यह संख्या 20,096 थी।

**सड़क पर गलत तरीके से पार्किंग:** 2024 में 79,066 मामलों में कार्रवाई हुई, जबकि 2023 में यह संख्या 91,114 थी।

हेलमेट न पहनना: 2024 में 8,92,803 मामलों में कार्रवाई हुई, जो 2023 में 6,42,655 थी। सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करना: 2024 में 25,756 चालान किए गए, जबकि 2023 में 35,367 थे।

**फैंसी नंबर प्लेट्स: 22,267 मामलों में कार्रवाई की गई।**

नागपूर शहर के यातायात विभाग द्वारा किए गए इन कदमों से यातायात नियमों का पालन बढ़ाने और सड़क सुरक्षा में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने और दूसरों की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करें और यातायात पुलिस को सहयोग दें। यातायात विभाग का कहना है कि यह कार्रवाई आगामी दिनों में भी जारी रहेगी और किसी भी तरह के नियम उल्लंघन को बख्शा नहीं जाएगा।



# सड़क पर दीवार बनाकर अतिक्रमण, नागरिक परेशान

**वाडी.**

वाडी स्थित आंबेडकर नगर सब्जी मंडी क्षेत्र में सड़क पर अवैध रूप से दीवार खड़ी कर अतिक्रमण किया गया है। स्थानीय दुकानदारों और कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा यह कब्जा किया गया है, जिससे आम नागरिकों के जीवन पर गंभीर असर पड़ा है। यातायात बाधित हो गया है और पैदल यात्रियों के लिए भी रास्ता नहीं बचा है। सड़क पर दीवार खड़ी होने के कारण वाहन चालकों को वैकल्पिक मार्ग अपनाने पड़ रहे हैं, जिससे यात्रा समय बढ़ गया है। तंग सड़कों पर ट्रैफिक जाम की समस्या आम हो गई है। पैदल चलने वालों, खासतौर पर बच्चों और बुजुर्गों को इस स्थिति से भारी कठिनाई हो रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन इस मुद्दे पर उदासीन बना हुआ है। शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद अतिक्रमण हटाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। निवासियों ने आरोप लगाया कि प्रभावशाली लोग प्रशासन पर दबाव डालकर कार्रवाई रोक रहे हैं।



> शहरवासियों के लिए उचित अस्पताल की सुविधा नहीं है। हमने अस्पताल के लिए अपनी जमीन उपलब्ध कराई थी, लेकिन सड़क के संकुचित होने के कारण आपातकालीन सेवाओं का आवागमन संभव नहीं हो पाएगा। यह खेदजनक है।
>
> – **पराग नाफड़े (भावसार)**

### स्थानीय निवासियों की मांग

आंबेडकर नगर के लोगों ने प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि सड़क पर बने अवैध निर्माण को तुरंत हटाया जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही, भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त नियम लागू किए जाएं।

### समस्या का समाधान अनिवार्य

आंबेडकर नगर की सड़क पर दीवार बनाकर किए गए अतिक्रमण ने यातायात और जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। प्रशासन को इस समस्या को गंभीरता से लेकर शीघ्र समाधान करना चाहिए। यदि समय पर कार्रवाई नहीं की गई, तो यह समस्या अन्य क्षेत्रों में भी फैल सकती है, जिससे सार्वजनिक व्यवस्था और बिगड़ सकती है।

> अतिक्रमण इस क्षेत्र के लिए त्रासदी बन चुका है। प्रशासन ने कई बार सब्जी मंडी बनाने का प्रयास किया, लेकिन यह प्रयास केवल दिखावा साबित हुआ। नागरिकों को भारी परेशानी हो रही है।
>
> **–रोशन सोमकुवर**

> सब्जी मंडी से आंबेडकर नगर की मुख्य सड़क पूरी तरह अव्यवस्थित हो गई है। अतिक्रमण के कारण न केवल यातायात बाधित है, बल्कि क्षेत्र का विकास भी रुक गया है।
>
> **–दिलीप भोरगडे**

# गाय को राज्य माता का दर्जा, फिर भी गोवंश तस्करी जारी

## > गोवंश तस्करी पर कब लगेगा अंकुश?

**कोंढाली/काटोल.**



महाराष्ट्र में गाय को राज्य माता का दर्जा दिया गया है, लेकिन इसके बावजूद विदर्भ सहित राज्य के कई हिस्सों में गोवंश तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है। महाराष्ट्र की सीमाओं से आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और महाराष्ट्र के अन्य बड़े जिलों तक गोवंश की अवैध तस्करी जारी है। नागपुर और वर्धा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में गोवंश को क्रूरता से वाहनों में ठूंस-ठूंस कर लादा जाता है और बूचड़खानों तक पहुंचाया जाता है। नागपुर शहरी इलाकों, कामठी और वर्धा के आर्वी में कई कसाई गिरोह इस अवैध कारोबार में लिप्त हैं।

विदर्भ के नागपुर और वर्धा जिलों के पशु तस्कर ग्रामीण इलाकों से गोवंश खरीदकर उन्हें जंगलों में इकट्ठा करते हैं। मवेशियों को दो-तीन दिनों तक भोजन और पानी के बिना रखा जाता है। रात के समय इन्हें जंगल मार्गों से वाहनों में भरकर बूचड़खानों में भेजा जाता है। 23 और 24 दिसंबर की रात को कारंजा घाडगे पुलिस ने गो रक्षकों की सूचना पर कार्रवाई करते हुए मवेशियों से भरे वाहनों को पकड़ा। तस्कर मवेशियों को जंगल में इकट्ठा कर बेरहमी से मारते हैं और उन्हें भारी कमीशन पर खरीदा जाता है।

**कानून व्यवस्था और मांगें**

महाराष्ट्र में गाय की हत्या पर प्रतिबंध है, लेकिन गोवंश तस्करी पर अंकुश लगाने में प्रशासन नाकाम रहा है। गोरक्षक दुर्गेश बब्लू भिसे ने मांग की है कि तस्करी में पकड़े गए वाहनों के लाइसेंस हमेशा के लिए रद्द किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि तस्करी में लिप्त वाहन चालकों पर मकोका के तहत कार्रवाई होनी चाहिए।

**सरकार से सवाल**

विदर्भ में गोवंश तस्करी के बढ़ते मामलों को देखते हुए सवाल उठ रहे हैं कि जब महाराष्ट्र सहित पड़ोसी राज्यों में भाजपा शासित सरकारें हैं और सख्त कानून लागू हैं, तो तस्करी क्यों नहीं रुक रही है? माननीय मुख्यमंत्री और गृह मंत्री से मांग है कि इस गंभीर मुद्दे पर गहन अध्ययन कर कार्रवाई की जाए ताकि गोवंश तस्करी पर पूर्ण विराम लग सके।




# मोतीझीरा दरगाह पर 46 वे सालाना उर्स का आयोजन

**कोंढाली.** नागपुर -अमरावती राजमार्ग के मोतीझीरा पहाड़ी पर स्थित हजरत सैय्यद रहमान शाह चिस्ती रहमतुल्लाह अलैह,एवं हजरत अली अशफाक हुसैन चिस्ती ताज़ी रहमतुल्लाह अलैह के दरगाह पर 46वे सालाना उर्स का आयोजन किए जाने की जानकारी आयोजक गद्दिनशीन रियाज अहमद द्वारा दी गयी. इस उर्स शरिफ का आयोजन 11से13 जनवरी तक 46वे सालाना उर्स का आयोजन किया गया है.11 जनवरी को बाद नमाजेअस्त्र -परचम,बाद नमाजे मगरीब -गुस्ल,12 जनवरी-नमाजे जोहर -संदल शरिफ, 12 जनवरी-नमाजे ईशा-शमा महफिल (कव्वाली),13 जनवरी- बादे नमाजे -फज्र-कुलशरीफ फातेह के आयोजन की जानकारी खादिमें दरगाह जनाब मोहम्मद अफसर हुसेन द्वारा दी गयी है. इस आयोजन के सफलतार्थ कोंढाली के हजरत बाबा रहमान शाह सामाजिक संस्था द्वारा सहयोग की अपील की गयी है.

# संत मीराआई के महासमाधी मंदिर के निर्माण के लिए जनजागरण

कोंढाली. कोंढाली के वार्ड नंबर 5, उमाठे नगर में संत मीराआई (मीराबाई) के महासमाधी मंदिर के निर्माण की मांग तेजी से जोर पकड़ रही है। संत मीराआई, जो संत गुलाब बाबा की दूसरी शिष्या थीं, के स्मृति स्वरूप इस मंदिर के निर्माण का बीड़ा समाजप्रबोधनकार संजय बेले ने उठाया है।




संजय बेले ने स्थानीय निवासियों और संत मीराआई के भक्तों से अपील की है कि वे इस पहल में सहयोग करें और जल्द से जल्द महासमाधी मंदिर का निर्माण सुनिश्चित करें। इस प्रयास के लिए वे जनजागरण कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं। विठ्ठल मंदिर में हाल ही में आयोजित भागवत सप्ताह और अखंड हरिनाम कीर्तन में भी संत मीराआई के महासमाधी मंदिर का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। भागवताचार्य ह.भ.प. गोरक्षनाथ भिलारे महाराज ने अपनी सात दिवसीय भागवत कथा में संत गुलाब बाबा और संत मीराआई की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कोंढालीवासियों से इस मंदिर के निर्माण में सहयोग की अपील की। इस दौरान महाराष्ट्र के प्रसिद्ध कीर्तनकारों, जिनमें ह. भ. प. सोपानकाका कालपांडे (मुर्तिजापूर), ह. भ. प. अनिल दातार (नाशिक), ह. भ. प. शिवचरित्रकार कृष्णा पाटील (बुलढाणा), 1008 ह. भ. प. मौनिगीरी बाबा (परभणी), और ह. भ. प. चंद्रशेखरजी वारे (आलंदी) शामिल हैं, ने भी इस मुद्दे पर जोर दिया और अपनी मधुर वाणी से भक्तों को मंत्रमुग्ध किया। विठ्ठल मंदिर से इस वर्ष की माऊली पालखी शोभायात्रा में तीस साल बाद पहली बार संत मीराआई की पालखी भी शामिल की गई। इस अवसर पर संजय बेले ने खंजेरी वादन करते हुए संत गुलाब बाबा और संत मीराआई की महिमा का गुणगान किया। संजय बेले ने संत मीराआई के महासमाधी मंदिर निर्माण के लिए सभी से आर्थिक और सामाजिक सहयोग की अपील की है। उनके इस प्रयास को स्थानीय निवासियों का समर्थन भी मिल रहा है। कोंढाळी के लोगों ने उनके इस संकल्प को मजबूत बनाने का वादा किया है। संत मीराआई के महासमाधी मंदिर का निर्माण न केवल उनके प्रति श्रद्धा का प्रतीक होगा, बल्कि यह समाज के लिए भी एक प्रेरणास्त्रोत बनेगा।

# नगर परिषद उमरेड ने जिला स्तरीय खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम में मचाई धूम

**उमरेड.**

कटोल शहर में 27 से 29 दिसंबर 2024 तक आयोजित शहरी विकास विभाग जिला स्तरीय खेलकूद और सांस्कृतिक उत्सव में नगर परिषद उमरेड के कर्मचारियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई खिताब अपने नाम किए। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में जिले की विभिन्न नगर परिषदों ने भाग लिया। नगर परिषद उमरेड के कर्मचारियों ने खो-खो (महिला और पुरुष), कबड्डी (महिला), वॉलीबॉल (महिला), बैडमिंटन, दौड़ स्पर्धा, तीन किमी पैदल चाल और तैराकी में अद्वितीय प्रदर्शन किया। 29 दिसंबर 2024 को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जिला संयुक्त आयुक्त विनोद जाधव और अन्य नगर परिषद प्रमुखों ने विजेताओं को सम्मानित किया।

विजेताओं की सूची इस प्रकार है: बैडमिंटन (महिला एकल): प्रथम - अर्चना मेंढे, बैडमिंटन (महिला डबल): प्रथम - अर्चना मेंढे और प्रीति रुईकर, बैडमिंटन (पुरुष एकल): द्वितीय - किशोर श्रीरामे, बैडमिंटन (पुरुष डबल): प्रथम - राहुल मारवाडे और किशोर श्रीरामे, 100 मीटर दौड़ (महिला): द्वितीय - अर्चना मेंढे, 100 मीटर दौड़ (पुरुष): प्रथम - शुभम बघेल, 400 मीटर दौड़ (पुरुष): प्रथम - सचिन भिवगड़े, 3 किलोमीटर पैदल चाल (50 वर्ष से अधिक आयु): प्रथम - शेंदरे सर, वॉलीबॉल (महिला टीम): प्रथम स्थान, खो-खो (महिला टीम): द्वितीय स्थान, कबड्डी (महिला टीम): द्वितीय स्थान, खो-खो (पुरुष टीम): द्वितीय स्थान, तैराकी (पुरुष): द्वितीय स्थान - आर्यन समुद्रे, इस सफलता पर नगर परिषद उमरेड के कर्मचारियों और अधिकारियों ने अपनी खुशी जाहिर की और आगे भी ऐसे आयोजनों में भाग लेकर नगर परिषद का नाम रोशन करने का संकल्प लिया।





# सूर्यनगर वुमन गार्डन में सावित्री बाई फुले जयंती मनाई

**नागपुर.**

सूर्यनगर स्तिथ वुमन गार्डन में मनपा स्थायी समिति पूर्व सभापति प्रदीप पोहाणे के नेतृत्व में सावित्री बाई फुले जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने सर्वप्रथम उनके प्रतिमा का पूजन कर माल्यार्पण कर अभिवादन किया। प्रदीप पोहाणे ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया सावित्रीबाई पूरे देश की महानायिका हैं। हर बिरादरी और धर्म के लिये उन्होंने काम किया। जब सावित्रीबाई कन्याओं को पढ़ाने के लिए जाती थीं तो रास्ते में लोग उन पर गंदगी, कीचड़, गोबर, विष्ठा तक फेंका करते थे। सावित्रीबाई एक साड़ी अपने थैले में लेकर चलती थीं और स्कूल पहुँच कर गंदी कर दी गई साड़ी बदल लेती थीं। अपने पथ पर चलते रहने की प्रेरणा बहुत अच्छे से देती हैं। शिक्षा के क्षेत्र में सावित्रीबाई फुले ने बहुत बड़ा योगदान है। इन्हीं की बदौलत महिलाएं सम्मान से जीवन व्यतीत कर रही है। भारत की सर्वप्रथम शिक्षक महिला सावित्रीबाई। अंत मे अनिता वानखेड़े, रेखा रायकवाड, सोनाली हरडे, उर्मिला बोन्डे, रानी खंडेलवाल, दिव्या गोमासे, प्रतीक वैद, अर्चना पाटिल, सपना श्रीवास, संतोष सर्वा, मणिबेन पटेल, प्रमिला पटेल, दया पटेल, मोगीबेन पटेल, सुनीता नखाते, नंदन पलांदुरकर, नवघरे आदि नर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# बरिएमं ने मनाई सावित्री बाई फुले की जयंती

**कामठी.** बहुजन रिपब्लिकन एकता मंच (बरिएमं) ने संस्थापक अध्यक्ष व पूर्व राज्यमंत्री एड. सुलेखा कुंभारे के मार्गदर्शन में शुक्रवार को दादासाहेब कुंभारे बहुउद्देशीय प्रशिक्षण संस्था स्थित कार्यालय में देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई. बरिएमं विदर्भ महासचिव व नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष अजय कदम ने सावित्री बाई फुले की तस्वीर पर फूल-माल चढ़ाकर उन्हें नमन किया. उन्होंने कहा कि माता सावित्री बाई ने अपनी मेहनत व पति के सहयोग से महिलाओं के लिए देश में पहला स्कूल खोला था. इसीलिए उन्हें शिक्षा की माता कहा जाता है. उन्होंने लोगों से सावित्री बाई फुले के सिद्धांतों पर चलने की अपील की. मौके पर बरिएमं के विदर्भ महासचिव अजय कदम, दिपंकर गणविर, सुभाष सोमकुंवर, अनुभव पाटील, मनीष डोंगरे, पूर्व नगरसेविका सावला गजभिये, विनय बार्बोंडे, मुन्ना नागदेवे, प्राचार्य सागर भावे , शोहेब खान, मो. रेहान , निखिल शेरकर, संदिप शेरकर, हर्षल कुंभारे व विध्यार्थीगण सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे.



# सावित्रीबाई फुले का कार्य प्रेरणादायक, क्रांतिकारी: मानवटकर

**कामठी.** महिला शिक्षा की प्रणेता क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले का कार्य प्रेरणादायक और क्रांतिकारी है. सावित्रीबाई के अटूट त्याग और साहस के कारण ही आज की महिलाओं ने समाज में सम्मान और प्रतिष्ठा का स्थान हासिल किया है. समय की असली जरूरत एक प्रगतिशील और शिक्षित समाज बनाने के सावित्रीमाई के काम को आगे बढ़ाने की हैमूल उद्गार नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष प्रमोद उर्फ गुड्डु मानवटकर ने क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले जयंती कार्यक्रम में व्यक्त किये.



बस स्टैंड के पास पटेल न्यूज पेपर एजेंसी कार्यालय में समाजसेविका प्रतिमा भवसागर के हस्ते क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले की छवि पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर सामूहिक अभिवादन किया गया. इस अवसर पर नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष प्रमोद उर्फ गुड्डू मानवटकर, पूर्व नगरसेवक विकास रंगारी, बरिएमं दिपंकर गणवीर, कृष्णा पटेल, विजय जैस्वाल, आशिष मेश्राम, आनंद गेडाम, राजन मेश्राम, सुमित गेडाम, गीतेश सुखदेवें, सिद्धांत बागडे, विलास वाघमारे, कोमल लेंढारे, सलीम भाई, सलमान अब्बास, राकेश कनोजिया, आनंद गेडाम, शेख सज्जाक, आसाराम हलमारे, धीरज गजभिये, गजेश पटेल, प्रवीण यादव, संदीप रामटेके आदि गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से उपस्थित थे.

# येरखेड़ा ग्रापं में सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई

**कामठी.** देश की पहली महिला शिक्षिका और समाज सुधारक सावित्री बाई फुले की जयंती येरखेड़ा ग्राम पंचायत में सरपंच सरिता मधुकर रंगारी के हस्ते उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई गई.

इस दौरान माता सावित्री बाई के पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया और समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने की प्रतिज्ञा ली. इस मौके पर सरपंच सरिता रंगारी ने सावित्री बाई फुले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा, "सावित्री बाई फुले ने देश का पहला बालिका स्कूल खोला. उन्होंने न केवल खुद पढ़ाई की, बल्कि अपने जैसी तमाम लड़कियों को शिक्षा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ नारी को उनके कई अधिकार दिलाए. नारी मुक्ति आंदोलन की प्रणेता सावित्री बाई फुले ने समाज में फैली छुआछूत को मिटाने के लिए भी कड़ा संघर्ष किया और जो समाज में शोषित हो रही महिलाओं को शिक्षित करके अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना सिखाया।

# जल जमाव की सरपंच साबरे, एनएमआरडीसी, पीडब्लूडी ने की जांच

कामठी. सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे ने एनएमआरडीसी और पीडब्लूडी अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से अलंकार नगर तिड़के लेआउट येरखेड़ा - रणाला नया मोक्षधाम के सामने से नागपुर रोड ग्रीन सिटी की ओर जाने वाली सड़क के बाजू में खाली पड़ी निजी भूमि पर बारिश के दौरान हो रहे जल भराव का निरीक्षण किया और इसकी निकासी हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के संबंध में संबंधित जानकारी ली. ज्ञात हो कि उपरोक्त सड़क पर जलभराव से ग्रीमाणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है. यहां गांव में जल निकासी की व्यवस्था न होने से जलभराव की समस्या बनी रहती है. ऐसे में ग्रामीणों को पानी से होकर आवागमन करना पड़ता है. घरों से निकला पानी खड़ंजे पर ही जमा रहता है. सरपंच पंकज साबरे ने बताया कि राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले को रणाला ग्राम पंचायत के निवेदन पत्र के माध्यम से उक्त समस्या के निराकरण के लिए नाली निर्माण निधि की मांग की जाएगी.



# सावित्रीबाई फुले जयंती वाचन दिवस के रूप में मनाई गई

**कोंढाली.** तमाम कठिनाइयों और बाधाओं के बावजूद सामाजिक रूढ़ियों को तोड़ने और लड़कियों की शिक्षा के लिए सावित्रीबाई फुले ने अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनकी याद में, आर बी व्यास महाविद्यालय के छात्रों वाचन संस्कृतीको बढ़ावा देने के लिए प्रतिवर्ष साल वाचन दिन(पठण दिन)(रीडिंग डे) का आयोजन किया जाता है। 3 जनवरी 2025 को भी सुबह 09-30बजे यहां के राजेंद्रसिंह (बाबा) व्यास महाविद्यालय में सावित्रीबाई फुले जयंती को रीडिंग डे के रूप में आयोजन किया गया.




कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ .एल आर घाघरे ने की प्रमुख अतिथी के रूप में डॉ. प्रो.अंम्बाडकर, डॉ प्रो. प्रज्ञासा उपाध्याय,प्रो. भोस उपस्थित थे. सर्वप्रथम क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया। छात्रा सलोनी देशमुख ने सावित्रीबाई फुले के बारे में अपने विचार व्यक्त किये जबकि मुख्य अतिथि डॉ. प्रज्ञासा उपाध्याय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले का संघर्ष दो स्तरों पर था, पहला समाज में आमूल-चूल परिवर्तन करके पारंपरिक बाधाओं से परे जाने का संघर्ष और दूसरा असामाजिक बाधाओं को तोड़ने का संघर्ष। प्रतिकूल समय में सावित्रीबाई महिला शिक्षा के माध्यम से सामाजिक व्यवस्था को बदलने के लिए काम कर रही थीं। उनके काम में उनके पति क्रांतिसूर्य महात्मा ज्योतिराव फुले ने मदद की। इसलिए आज की नारी को सदैव सावित्रीबाई फुले के प्रति कृतज्ञता का भाव रखना चाहिए। डॉ एल आर घागरे ने अपने अध्यक्षीय भाषण में महिला शिक्षा के संबंध में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज हम सावित्रीबाई के कार्यों से प्रेरित होकर शिक्षित-उच्च शिक्षित हुए हैं लेकिन हमें इस उच्च शिक्षा का उपयोग पारिवारिक सामाजिक आय के लिए करना चाहिए और अपना विकास भी करना चाहिए तभी वास्तव में सावित्री के फूल खिल सकेंगे। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. प्रा.कठाणे द्वारा ने किया गया था.आभार डॉ. प्रा. कठाने ने माना. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र ,शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारी उपस्थित थे.

**मासोद के स्कुल को कम्प्युटर सीपीयू दिया.**

मासोद के उच्च प्राथमिक स्कूल में भी सावित्रीबाई फुले जयंती के अवसरपर यहाँ के सरपंच रंजू प्रकाश बारंगे, उपसरपंच रूपराव गोंडाणे, ग्रा प सदस्या प्रभाताई कालभूत, स्कूल तथा अभिभावक प्रबंधन के अध्यक्ष विलास ढोले उपस्थितीमें छात्रों के तकनिकी पढाई के लिये कम्प्युटर,सीपीयू दिया गया.प्रधानाचार्य ने सभी उपस्थीतों का आभार माना.

# एमआईडीसी स्थापित करने की मांग बढ़ी

**सालेकसा.**

महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम देश में महाराष्ट्र सरकार का एक विभाग है जो व्यवसाय क्षेत्र को शुरू करने और विकसित करने व महाराष्ट्र के औद्योगिक विकास को प्राप्त करने के लिए है. लेकिन सालेकसा तहसील में रोजगार की सुविधा उपलब्ध नहीं है. जिसकी वजह से रोजगार के लिए मजदूरों को दूसरे शहरों में पलायन करना पड़ता है. सालेकसा महाराष्ट्र राज्य के गोंदिया जिले की सीमा पर है. जो नगर पंचायत के रूप में स्थापित है. यह शहर नागपुर-रायपुर रेलवे मार्ग से जुड़ा हुआ है. तहसील में मुख्य रूप से धान की खेती होती है और यहां तेंदूपत्ता के सीजन में तेंदूपत्ता संकलन कर ग्रामीण जनता को रोजगार प्राप्त होता है. तहसील में रोजगार की मांग पुरानी है. यहां मजदूर व युवा वर्ग को रोजगार के रूप में किसी भी प्रकार का कारखाना नहीं है. जिससे युवा वर्ग दूसरे शहरों में पलायन करने को मजबूर है. न चाहते हुए भी मजदूरों को व युवा वर्ग को अपना परिवार व पेट पालने के लिए शहरों में जाना ही पड़ता है.

तहसील के लोग प्रमुखता से कृषि पर निर्भर है, जो कृषि कार्य निपटने के बाद बड़े शहरों, अन्य राज्यो में जाकर रोजी रोटी का जुगाड़ करते हैं. कई युवकों व मजदूरों को काम नहीं होने से रोजगार के लिए भटकना पड़ता है.

### चुनाव पर मिलते है लोगों को आश्वासन

एमआईडीसी की स्थापना बहुत पुरानी मांग है. चुनाव के पहले जनप्रतिनिधि रोजगार की समस्या हल करने का आश्वासन देते है फिर वह जनप्रतिनिधि किसी भी पार्टी का हो, पर जीत के आने के बाद उस दिशा में किसी प्रकार की पहल होते दिखती नहीं. तहसील में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना करने की नितांत आश्यकता है. जिससे बाहर से लौटे मजदूरों व युवा वर्ग को यहां काम नहीं मिलने से एमआईडीसी की मांग जोर पकड़ते हुए दिख रही है. जनप्रतिनिधियों को तत्काल ध्यान देना चाहिए जिससे रोजगार की समस्या हल हो सके व युवाओं को रोजगार के लिए पलायन करने की नौबत न आए.



> रोजगार के लिए मजदूरों का दूसरे शहरों में पलायन

## वरिष्ठ अधिकारियों के लिए कार्यशाला आयोजित



**नागपुरः** सी जी ओ कॉम्प्लेक्स, सेमिनरी हिल्स नागपुर स्थित केंद्रीय जल आयोग में एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सभी वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए "राजभाषा नीति व कार्यान्वयन" विषय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में व्याख्यान हेतु आयकर विभाग के उपनिदेशक व विषय विशेषज्ञ श्री. अनिल त्रिपाठी, 'बेबाक' को आमंत्रित किया गया था। कार्यशाला में भारत सरकार की राजभाषा नीति क्या है और कार्यालय में इसका सफलतापूर्वक कार्यान्वयन कैसे सुनिश्चित करना है इस पर प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यालय में राजभाषा नीति के अनुपालन को कैसे बेहतर किया जाए इस पर भी प्रतिभागियों को जानकारी दी गई। लगभग सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने अपनी सक्रिय उपस्थिति से चर्चा सत्र को अधिक रोचक व ज्ञानवर्धक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सावित्रीबाई फुले जयंती पर कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन

**हिंगनघाट.**





तुलसकर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के मातोश्री आशाताई कुणावार कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय में 3 जनवरी को सावित्रीबाई फुले जयंती के अवसर पर कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की कैरियर मार्गदर्शन समिति द्वारा किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और साइबर अपराध जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य मार्गदर्शक के रूप में मनोज गभने (थानेदार, हिंगनघाट) उपस्थित रहे। उनके साथ नागेश उगले (पुलिस निरीक्षक, हिंगनघाट) मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अध्यक्षता डॉ. उमेश तुळसकर (अध्यक्ष, विद्या विकास शिक्षण संस्था) ने की, जबकि संदेश मून (बीई, एमबीए, नेट-जेआरएफ) ने भी विशेष रूप से शिरकत की।प्रेरणादायक वक्तव्य और अनुभव साझा किए मुख्य वक्ता मनोज गभने ने छात्रों को सफल होने के लिए लक्ष्य-उन्मुख बनने की प्रेरणा दी और अद्भुत व्याख्यान से सभी का दिल जीत लिया। नागेश उगले ने अपनी प्रेरणादायक यात्रा, जिसमें उन्होंने कांस्टेबल से पुलिस निरीक्षक तक का सफर तय किया, को साझा किया। संदेश मून ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए छात्रों को सही दिशा दी और नेट (जेआरएफ) परीक्षा पहले प्रयास में पास करने के अपने अनुभव साझा किए। छात्रा लक्ष्मी इंगोले, जो एक चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं, ने ग्रामीण क्षेत्र से होते हुए भी कठिन डिग्री हासिल करने की अपनी सफलता की कहानी सुनाई।

कार्यक्रम के दौरान पठनकक्ष संचालकों विशाल घाटुर्ले, राजश्री नंदनवार और जय जवान अकादमी के संस्थापक सतीश तिमांडे को शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को बताया गया कि नियमित काउंसलिंग से ही उनकी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सफलता संभव है। इस दिशा में डॉ. उमेश तुळसकर ने एक काउंसलिंग समूह बनाने और छात्रों को निरंतर मार्गदर्शन देने की पहल करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रा. अभय दांडेकर और परिचय प्रा. जमीर पटेल ने किया। अंत में प्रमोद जयुपुरकर ने काव्यात्मक शैली में आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कुल मिलाकर यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक साबित हुआ।

## सड़क सुरक्षा मिशन 2025 के तहत जनजागरूकता रैली का आयोजन किया



> शासकीय विश्राम गृह से जन जागरूकता रैली मुख्य मार्ग से निकाली गई

**हिंगनघाट.**

सड़क सुरक्षा मिशन 2025 के तहत वर्धा जिला यातायात उपशाखा एवं आरटीओ अधिकारी के अधीन हिंगनघाट शहर में जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया.

.इस अभियान के तहत नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए हिंगनघाट शहर के शासकीय विश्राम गृह से जन जागरूकता रैली निकाली गई.यातायात नियमों के जागरूकता फैलाने के लिए शहर के मुख्य मार्ग से रैली का आयोजन किया गया था.

नागरिकों ने सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करना आवश्यक है यह संदेश दिया गया. सुरक्षा अभियान सप्ताह यह 1 जनवरी से 31 जनवरी तक मनाया जायेगा। सुरक्षा अभियान 2025 जागरूकता रैली शासकीय विश्रामगृह में संपन्न हुई. इस अवसर पर आरटीओ अधिकारी हिंगणघाट पोलीस स्टेशन के पी एस आय मिश्रा यातायात विभाग के रवि वानखेड़े, संजय त्रिपाठी, पुलिस 112 दस्ते के प्रमुख प्रवीण बोधने, पुलिस कर्मी और नागरिक और नागरी इस अवसर पर उपस्थित थे.

परिवहन विभाग की उपशाखा वर्धा द्वारा सड़क सुरक्षा के महत्व पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था.

## भरोसा सेल में महिलाओं की 351 शिकायतें

**>160 मामलों में समझौता 98 मामले पर FIR दर्ज**

**गोंदिया.**

जिले में वर्ष 2024 में पुलिस के भरोसा सेल को घरेलू हिंसा की 432 शिकायतें मिली हैं. इसमें 351 महिलाएं और 81 पुरुष शामिल हैं. इनमें से 160 मामलों में समझौता हो चुका है. 90 मामले अलग-अलग हैं और 98 मामले दर्ज किए गए हैं. 39 मामलों में केस दर्ज करने के लिए थाने भेजा गया है, जबकि 92 मामले लंबित है.

जहां महिलाओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न और छेड़छाड़ के अपराध बढ़े हैं, वहीं घरेलू हिंसा की घटनाएं भी बढ़ रही है. न केवल बाहर बल्कि चारदीवारी के भीतर भी महिलाओं के खिलाफ हिंसा दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है.

वर्ष 2024 में पुलिस बल के महिला शिकायत निवारण केंद्र में घरेलू हिंसा की 432 शिकायतें दर्ज की गई है. शिकायतों का ये ग्राफ हर दिन बढ़ता ही जा रहा है. इसलिए महिला सुरक्षा का मुद्दा चर्चा और चिंता का विषय बन गया है.

जब घरेलू हिंसा के मामलों की समीक्षा की जाती है तो पता चलता है कि पिछले कुछ सालों में ऐसे मामलों में बढ़ोतरी हुई है. पुलिस की ओर से कहा जा रहा है कि यह बढ़ती दर चिंताजनक है.

## भारत उच्च माध्यमिक विद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

**> सहायक पुलिस निरीक्षक सुचिता मंडवाले की प्रमुख उपस्थिति**

**हिंगनघाट.**



पुलिस वर्धापन दिवस के अवसर पर वर्धा जिला पुलिस दल, यातायात नियंत्रण शाखा द्वारा भारत उच्च माध्यमिक विद्यालय, हिंगनघाट में "सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक पुलिस निरीक्षक सुचिता मंडवाले (यातायात नियंत्रण शाखा, वर्धा) ने शिरकत की।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजू कारवटकर, उपप्रधानाचार्य हरीश भट्टड़, पर्यवेक्षक निलांक्षी बुरिले और विनोद नांदुरकर, संतोष राठोड़ (हवलदार, यातायात शाखा, वर्धा), रविंद्र वानखेडे (हवलदार, यातायात शाखा), तथा अन्य प्रमुख व्यक्ति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सुचिता मंडवाले ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने का महत्व समझाया और नियमों का उल्लंघन करने पर होने वाले दंड के बारे में जागरूक किया। विनोद भांडे ने हेलमेट पहनने और वाहन की गति को नियंत्रित रखने के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। संतोष राठोड़ ने भी विद्यार्थियों को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य राजू कारवटकर ने विद्यार्थियों को वाहन चलाने के नियमों के प्रति जागरूक किया और कहा कि विद्यार्थी जीवन में अध्ययन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन डॉ. गजानन सायम ने किया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए जागरूकता और सुरक्षा के महत्व को समझाने के लिए प्रभावी साबित हुआ।

## आमगांव में 8 गांवों के रास्ते में गड्डों से परेशानी

**> नप और लोकनिर्माण विभाग की अनदेखी**

**आमगांव :** इन दिनों आमगांव शहर के संपूर्ण आठ गांव के रास्ते में बड़े-बड़े गड्डों से परेशान है. वैसे तो यह आठों गांव नगर परिषद आमगांव में शामिल है लेकिन नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों से इस बात की शिकायत नागरिकगण करते हैं तो वे महाराष्ट्र शासन के लोकनिर्माण विभाग से गड्ढों को सुधारने के लिए बताते है. विगत अनेक वर्षों से आठों ग्राम मिलकर नगर पारिषद आमगांव स्थापित है. लेकिन समस्याओं के नाम पर यहां अंबार सा लगा हुआ है.

इस संबंध में शहर में लगभग 25 से अधिक कान्वेंट, हाईस्कूल, जूनियर कॉलेज, सीनियर कॉलेज व उच्चतम शिक्षा कॉलेज स्थापित है. जिसमें छोटे बच्चों से लेकर बड़े छात्र-छात्राओं तक साइकिल व विभिन्न दो पहिया वहां से जाते है.

इन सभी के साथ गड्डों की वजह से सैकड़ों बार छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं घट चुकी है. लेकिन नगर पारिषद व लोकनिर्माण विभाग की ओर से कभी भी इन रास्तों पर बने गड्डों को सुधारने में ध्यान नहीं दिया गया.

## महिला मुक्ति दिवस और बालिका दिवस मनाया

**हिंगनघाट.**



सावित्रीबाई का जन्मदिन 3 जनवरी पूरे महाराष्ट्र में बालिका दिवस और महिला मुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है 03 जनवरी को क्रांति ज्योति सावित्री बाई फुले जयंती "महिला मुक्ति दिवस एवं बालिका दिवस" के रूप में मनाया गया। प्राचार्य राजू करवटकर एवं उपप्राचार्य हरीश भट्टड़ ने क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले को माल्यार्पण कर समारोह की शुरुआत की. इस अवसर पर पर्यवेक्षक नीलांक्षी बुरिले, पर्यवेक्षक विनोद नांदुरकर, उच्च माध्यमिक की शिक्षिका राजश्री तंबोली, माध्यमिक विभाग की वंदना वरघणे प्रमुख रूप से उपस्थित थीं। राजश्री तांबोली ने विद्यार्थियों को क्रांतिज्योति सावित्रीबाई के जीवन दर्शन के बारे में संपूर्ण ऐतिहासिक जानकारी दी। वंदना वरघने ने सभी विद्यार्थियों को सावित्रीबाई और उनके जीवन कार्यों के बारे में जानकारी देकर प्रोत्साहित किया। नीलाक्षी बुरिले एवं विनोद नांदुरकर ने सभी विद्यार्थियों के समक्ष सावित्रीबाई के जीवन की विभिन्न घटनाओं को प्रस्तुत कर उनके जीवन कार्यों की समीक्षा की। विद्यालय की छात्राओं ने क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले के प्रयासों से अपने भाषण के माध्यम से महिला शिक्षा के महत्व, आज महिलाओं की स्थिति, वर्तमान स्थिति, शिक्षा की आवश्यकता पर प्रकाश डाला समूह गान प्रस्तुत किया गया कुछ विद्यार्थियों ने सावित्रीबाई के जीवन को चित्रित करने के लिए सावित्रीबाई की वेशभूषा धारण की थी।

## नितिन मडावी ने भारत विद्यालय को 10 हजार रुपये की पुस्तकों का उपहार



**हिंगनघाट :** जिला परिषद वर्धा के पूर्व अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जनजाति के प्रदेश महासचिव एवं सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता नितिन मडावी ने भारत विद्यालय को उपहार स्वरूप 10 हजार रुपये की प्रतियोगी परीक्षा एवं अन्य पढ़ने की पुस्तकें दी गईं। जो छात्रों एवं शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी स्वरुप रहेगी। नितिन मडावी ने भारत विद्यालय की लाइब्रेरी का दौरा किया इस वक्त उन्होंने स्कूल की सुसज्जित एवं समृद्ध लाइब्रेरी देखी तो उन्होंने किताबें खरीदने के लिए लाइब्रेरी को 10 दस हजार रुपये उपहार स्वरूप दे दिये। इससे नितिन मडावी द्वारा उपहार पुस्तक पाठकों के ज्ञान और संस्कृति में वृद्धि करेगी।

प्रोग्रेसिव एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष गोकुलदास राठी, सचिव रमेश धारकर, उपाध्यक्ष श्याम भीमनवार के साथ ही निर्देशक मंडल, प्राचार्य राजू कारवटकर, उपप्राचार्य हरीश भट्टड़, पर्यवेक्षक विनोद नांदूरकर, पर्यवेक्षक निलांक्षी बुरिले, ग्रंथपाल विकास नागरकर ने नितिन मडावी का धन्यवाद किया.

## 4.62 लाख उपभोक्ताओं ने चुना ग्रो ग्रीन सेवा

**गोंदिया :** महावितरण ने नये साल के तोहफे के रूप में ग्रो ग्रीन सेवा विकल्प चुनने पर बिजली बिल में तुरंत 120 रु. की एकमुश्त छूट देने की घोषणा की है. उल्लेखनीय है कि, महावितरण द्वारा कागज बचाओ, पर्यावरण बचाओ की संकल्पना के तहत ग्रो ग्रीन सेवा क्रियान्वित की जा रही है. इसके तहत इस योजना के • ग्राहकों को मासिक बिजली बिल में 10 रु. की छूट दी जाती थी, लेकिन अब से पहले बिल पर अगले महीने के लिए एकमुश्त 120 रु. की छूट मिलेगी. ग्रो ग्रीन सेवा का विकल्प चुनने वाले इन ग्राहकों को महावितरण हर महीने मुद्रित कागज बिल की बजाए ई-मेल के माध्यम से बिजली बिल भेजता है, इसके अलावा ग्रो ग्रीन ग्राहकों को उनके मासिक बिजली बिल पर 10 रु. की छूट दी जाती है. अब ग्रो ग्रीन सेवा चुनने वाले ग्राहकों को हर महीने की बजाए पहले महीने में बिजली बिल पर 120 रु. की एकमुश्त छूट दी जाएगी. महावितरण के 3 करोड़ निम्न दबाव ग्राहकों में से अब तक 4 लाख 62 हजार अर्थात 1.15 प्रश. ग्राहकों ने ग्रो ग्रीन सेवा का विकल्प चुना है. सभी पंजीकृत बिजली उपभोक्ताओं को ग्रो ग्रीन सेवा विकल्प चुनने के लिए महावितरण की ओर से एक एस.एम.एस. भेजा जाएगा. इसके बाद अगले वर्ष और सेवा के लिए पंजीकरण रद्द होने तक बिजली बिल पंजीकृत ई-मेल पर भेजा जाएगा और इसके बाद बिजली बिल में 10 रु. प्रतिमाह की छूट दी जाएगी.

## कई विभागों में मिली 135 अनुकंपाधारकों को नौकरी

**> उम्मीदवारों की भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी**

**गोंदिया.**

पिछले अनेक वर्षों से नौकरी की प्रतीक्षा कर रहे उम्मीदवारों को जिला परिषद ने खुशखबरी दी है. साल के आखिर में प्रतीक्षा कर रहे 135 उम्मीदवारों को विविध विभागों में स्थायी नौकरी दी गई है. यह भर्ती अत्यंत पारदर्शी होने से नौकरी में लगे उम्मीदवारों में हर्ष का वातावरण है. जिला परिषद में विविध विभागों में कार्यरत कर्मचारियों की मृत्यु होने से उनके पाल्यों को अनुकंपा तत्वों पर नौकरी के लिए जिला परिषद के पास आवेदन किया था. इस पर जिप सीईओ मुरूगानंथम ने अनुकंपा उम्मीदवारों की पद भर्ती लेने का निश्चय किया. सामान्य प्रशासन विभाग के उपमुख्य कार्यपालन अधिकारी फनिन्द्र कुतीरकर के सहकार्य से भर्ती प्रकिया ली गई. इससे पहले की गई भर्ती प्रक्रिया में कुछ गलतफहमी की वजह से विवाद भी हुए थे. लेकिन यह भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी है. 5 दिन पहले पूर्ण की गई भर्ती में आंगनवाड़ी पर्यवेक्षिका 1, विस्तार अधिकारी पंचायत 1, कनिष्ठ महाविद्यालय शिक्षक 1, पशुधन पर्यवेक्षक 2, कनिष्ठ अभियंता 2, शिक्षासेवक 2, प्रयोगशाला वैज्ञानिक 1, स्वास्थ्य सेवक 8, स्थापत्य अभियांत्रिकी सहायक 11, ग्राम पंचायत अधिकारी 33 और 73 परिचर ऐसे कुल 135 पदों की भर्ती की गई.

# सबसे बड़े टेनिस बॉल टूर्नामेंट का आगाज

**> हिंगनघाट मुस्लिम प्रीमियर लीग सीजन 2 मे 150 खिलाड़ियों पर 8 टीमें लगाएंगी बोली**

**> युवाओं के भविष्य निर्माण का माध्यम बनेगा क्रिकेट**

**हिंगनघाट.**

क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं है, यह युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास का महत्वपूर्ण साधन भी है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, हिंगणघाट मुस्लिम प्रीमियर लीग (एचएमपीएल) सीजन 2 का आयोजन किया जा रहा है। टेनिस बॉल क्रिकेट के इस सबसे बड़े टूर्नामेंट का ऑक्शन 5 जनवरी को होगा, जिसमें 8 फ्रेंचाइजी द्वारा 150 खिलाड़ियों पर बोली लगाई जाएगी। टूर्नामेंट का आगाज 29 जनवरी से 2 फरवरी तक हिंगणघाट के पेसिफिक क्रिकेट ग्राउंड में होगा।

आज के समय में युवाओं और बच्चों का झुकाव मोबाइल और नई तकनीक की ओर अधिक हो रहा है, जिससे उनकी शारीरिक सक्रियता और सामाजिक संपर्क प्रभावित हो रहे हैं। इस तरह के खेल आयोजनों का उद्देश्य न केवल उन्हें स्वस्थ और ऊर्जावान बनाए रखना है, बल्कि अनुशासन, टीम वर्क, और सकारात्मक मानसिकता जैसे गुणों का भी विकास करना है।

आयोजन समिति के सदस्य ज़हिर अहमद उर्फ बबलू भाई ने कहा, "क्रिकेट का यह टूर्नामेंट केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि युवाओं को तकनीक की लत से दूर रखने और उनके अंदर खेल के प्रति जुनून जगाने का एक माध्यम है। हमारी कोशिश है कि युवा अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएं और समाज के लिए एक प्रेरणा बनें।

" क्रिकेट जैसे खेल से युवाओं को शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ मानसिक स्थिरता भी मिलती है। खेल में भागीदारी से तनाव और चिंता दूर होती है और आत्मविश्वास बढ़ता है। आयोजक समिति के सदस्य *मजाज़ कुरैशी सर ने बताया, "खेल न केवल स्वास्थ्य सुधारता है, बल्कि जीवन में अनुशासन और संघर्ष का महत्व भी सिखाता है। इस टूर्नामेंट को सफल बनाने में आयोजन समिति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समिति के प्रमुख सदस्यों में शामिल हैं: अब्दुल कदीर बख्श, ज़हिर अहमद उर्फ बबलू भाई, मुफज़्ज़ल हुसैन, मजाज़ कुरैशी सर, मुजीब खान, एडवोकेट मुबारक मलनस, करीम खान, अशरफ मलनस, मुस्तफा बख्श, सादिक खान सर, शेख इमरान, ऐतबार अली उर्फ मन्नान। क्रिकेट जैसे खेल न केवल युवाओं को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि समाज में एकता और सहयोग की भावना भी बढ़ाते हैं।

यह टूर्नामेंट हिंगणघाट के युवाओं को एक मंच देगा, जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। इस टूर्नामेंट से न केवल खिलाड़ी बल्कि दर्शक और पूरा समुदाय भी प्रेरित होगा।

अब देखना यह है कि इस रोमांचक मुकाबले में कौन सी टीम चैंपियन बनती है और कौन सा खिलाड़ी अपनी छाप छोड़ता है।

### खेल का सीधा प्रसारण यूट्यूब पर

यह टूर्नामेंट पूरी तरह से डिजिटल युग का अनुसरण करते हुए यूट्यूब पर लाइव प्रसारित होगा। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक दर्शकों तक पहुंचना और युवाओं को खेल से जोड़ना है।

### 8 फ्रेंचाइजी की टक्कर

इस बार के टूर्नामेंट में कुल 8 टीमें हिस्सा लेंगी, जो पिछले सीजन की 6 टीमों से अधिक हैं। इन टीमों में शामिल हैं

- थंडर स्ट्राइकर (अली मुर्तज़ा सैफी)
- इमरान प्रिंस 11 (इमरान अली कुरैशी)
- फैशन पॉइंट (नाज़िम अहमद)
- हेलो हीटर्स (मोहम्मद अली अजानी)
- मुजीब ज्वेलर्स (मुजीब शेख)
- खान फाइटर (नासिर खान)
- विदर्भ 11 (रफीक शेख)
- बाबा वारियर्स (शाहिद खान)

## नजूल भूमि नवीनीकरण एवं फ्री-होल्ड के लिए हर बुधवार को शिविर

**> 31 जुलाई 2025 तक योजना लागू**

**हिंगनघाट :** नागपुर और अमरावती संभागों में आवासीय नजूल भूमि को फ्री-होल्ड (भोगतदार वर्ग-1) करने के लिए एक विशेष अभय योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत, पट्टे की नजूल भूमि को आवासीय उपयोग के लिए फ्री-होल्ड करने का मौका दिया जा रहा है। इसके लिए माह के प्रत्येक बुधवार (शासकीय अवकाश को छोड़कर) को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में नागरिक अपनी भूमि के फ्री-होल्ड आवेदन देकर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। यह योजना 31 जुलाई 2025 तक प्रभावी रहेगी। नजूल भूमि के नवीनीकरण पर भी रहेगा जोर नागरिकों को नजूल भूमि पट्टों के नवीनीकरण, शर्तों के उल्लंघन, उपयोग परिवर्तन, या बिना अनुमति के भूमि हस्तांतरण जैसे मुद्दों पर भी समाधान मिलेगा। इस योजना के अंतर्गत नागपुर और अमरावती संभाग की नीलामी या अन्य प्रक्रिया के तहत पट्टे पर दी गई भूमि को भी फ्री-होल्ड किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस योजना के तहत 23 दिसंबर 2015 और 02 मार्च 2019 के सरकारी निर्णयों में संशोधन किया गया है। इन निर्णयों के तहत नजूल भूमि के स्थानांतरण और उपयोग परिवर्तन की दरों को सरल बनाया गया है। यह योजना केवल 31 जुलाई 2025 तक लागू रहेगी। इसके बाद दिसंबर 2015 और मार्च 2019 के सरकारी निर्णयों के अनुसार कार्यवाही जारी रहेगी। यह जानकारी उपविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी, हिंगनघाट, वंदना सवरंगपते द्वारा दी गई।

## निर्मल बेकरी चौक से मोपेड चोरी करनेवाला आरोपी गिरफ्तार



**वर्धा :** निर्मल बेकरी परिसर से गाडी की चोरी करनेवाले आरोपी को पुलिसने गिरफ्तार किया है. बता दें,की वादी ने अपनी होंडा कंपनी की मोपेड गाडी नं. MH-32 AW-6909 निर्मल बेकरी चौक में चाबी लगाकर पार्क की थी.और दुकान से सामान खरीदने चले गये थे. सामान खरीदने के कुछ देर बाद वापस लौटे तो उन्हें अपनी मोपेड उस स्थान पर नहीं मिली जहां वह खड़ी थी। आसपास तलाश कि. लेकिन गाडी कही नहीं मिली. कोई अज्ञात चोर वादी की पुरानी प्रयुक्त ग्रे रंग की एक्टिवा मोपेड MH-32 AW-6909 कीमत 60,000/- की चोरी की. ऐसे वादी की मौखिक रिपोर्ट से वर्धा शहर में अपराध क्रमांक 2126/2024 धारा 303(2) बी.एन.एस. के तहत दर्ज किया गया. उक्त प्रकरण की विवेचना चल रही थी कि मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर दि. 01/01/2025 को आरोपी सूर्यभान मुरलीधर चौधरी उम्र 35 वर्ष निवासी नालवाड़ी, वर्धा को मजिस्ट्रेट के समक्ष कब्जे में लेकर एक पुरानी प्रयुक्त होंडा कंपनी की ग्रे रंग की एन्क्टिवा मोपेड गाडी क्रमांक एमएच-32 एडब्लू-6909 कीमत 60,000 रूपये को जप्त किया गया.उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अपर पुलिस अधीक्षक सागर कवड़े, उपविभागीय पुलिस अधिकारी प्रमोद मकेश्वर और पुलिस स्टेशन वर्धा शहर के थानेदार पी.एन. पराग पोटे, स.पो.नि. शुभांगी वाजे के निर्देशन में वर्धा सिटी क्राइम डिटेक्शन स्क्वाड के राजेश राठौड़, पुलिस अधिकारी सूरज जाधव, संभाजी मुंडकर, अशफाक शेख, गजानन जाचक ने की है.

# संस्कृति विकसित करने की पहल

## > प्रशासकीय भवन स्थित ग्रंथालय अधिकारी कार्यालय में ग्रंथ प्रदर्शनी का उद्घाटन

**गोंदिया.**



पढ़ने की संस्कृति का विकास युवाओं के व्यक्तित्व को निखारने में मदद करता है. चूंकि हाल के दिनों में देश का युवा वर्ग पढ़ने की संस्कृति से दूर होता जा रहा है, ऐसे में युवा पीढ़ी को वास्तविक पुस्तकें पढ़ने की ओर आकर्षित करने की आवश्यकता है. छात्रों के बीच पढ़ने की संस्कृति को विकसित करने के लिए उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा कार्यान्वित 'वाचन संकल्प महाराष्ट्र का' एक सराहनीय पहल है. ऐसा प्रतिपादन मनोहर म्युनिसिपल हाईस्कूल के प्राचार्य भुवनकुमार बिसेन ने प्रशासकीय भवन स्थित जिला ग्रंथालय अधिकारी कार्यालय में आयोजित ग्रंथ प्रदर्शनी कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर किया. इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी श्वेता पोटूडे, जिला ग्रंथालय अधिकारी मीनाक्षी कांबले व ग्रंथालय निरीक्षक अस्मिता मंडपे उपस्थित थे. प्राचार्य बिसेन ने कहा कि मराठी महाराष्ट्र राज्य की मातृभाषा है. हालांकि गोंदिया जिले में ज्यादातर हिंदी भाषा का उपयोग किया जाता है, लेकिन मराठी भाषा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है. हाल ही में मराठी भाषा ने शास्त्रीय भाषा का दर्जा हासिल कर लिया है. विद्यार्थियों को जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित कर पुस्तकों से मित्रवत संबंध स्थापित करना चाहिए. यह कहते हुए कि किताबें और पाठ छात्रों के लिए सीखने का हथियार हैं, भारतीय संविधान के निर्माता डा. बाबासाहेब आंबेडकर, मिसाइल मैन डा. एपीजे अब्दुल कलाम, कवि कुसुमाग्रज जैसे महापुरुषों के विचारों को आत्मसात कर अपना अगला कदम बढ़ाना चाहिए.

### 1 से 15 तक लागू करने की घोषणा

प्रस्तावना में जिला ग्रंथालय अधिकारी मीनाक्षी कांबले ने कहा कि उच्च व तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा क्रियान्वित इस पहल 1 से 15 जनवरी 2025 तक लागू करने की घोषणा की गई है और इसके एक भाग के रूप में ग्रंथ प्रदर्शनी का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया है. अतः नागरिकों, पाठकों, सदस्यों, विद्यार्थियों, विद्वानों से इस गतिविधि में बड़ी संख्या में भाग लेने के लिए कहते हुए समूह वाचन, वाचन कौशल, कार्यशालाएं, वाचन संवाद, पुस्तक समीक्षा व कथन प्रतियोगिता, पुस्तक प्रदर्शनी तथा अधिकाधिक विद्यार्थियों का सदस्यता पंजीकरण जैसी गतिविधियों का आयोजन इस अवधि के दौरान किया जाएगा. उन्होंने कहा कि इसके लिए छात्र-छात्राओं का सदस्यता पंजीकरण अभियान चलाया जाएगा. संचालन व आभार ग्रंथालय निरीक्षक अस्मिता मंडपे ने माना.

### लक्ष्य तय कर अगला कदम उठाएं : पोटूडे

जिला सूचना अधिकारी श्वेता पोटूडे ने कहा कि छात्रों को पढ़ने की संस्कृति विकसित करनी चाहिए. विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ अपना लक्ष्य तय कर अगला कदम उठाएं, जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल होगा. उन्होंने विद्यार्थियों और मित्रों को एक कर्ण मंत्र भी दिया कि 'पढ़ोगे तो बढ़ोगे' लड़कियां क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले की अनुयायी हैं, उन्हें अपने माता-पिता के संकल्प को पूरा करना चाहिए. उन्होंने कहा कि विद्यार्थी नेताओं और महापुरुषों की कहानियों को अपनाएं.

# कुसुम अभियान ने 10 वंचितों को लाया प्रवाह में

**गोंदिया.**



राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम की ओर से जिले में 16 दिसंबर से 20 दिसंबर 2024 तक कुष्ठ मुक्त महाराष्ट्र (कुसुम) अभियान चलाया गया. जिलाधीश प्रजीत नायर, जिप सीईओ मुरुगानंथम, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. नितिन वानखेड़े, जिला सर्जन डॉ. अमरीश मोहबे के मार्गदर्शन में अभियान सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया गया. इस अभियान के तहत वंचित/उपेक्षित समूहों पर नियमित/विशेष सर्वेक्षण, ईंट भट्ठा श्रमिक, खनिक, गन्ना श्रमिक, निर्माण श्रमिक प्रवासी, छात्रावासों, आवासीय आश्रमों में रहने वाले छात्र, वृद्धाश्रम में रहने वाले लोग, कंपनी श्रमिक आदि लोग काम/मजदूरी के लिए घर से जल्दी निकलते हैं और देर से घर लौटते हैं. इसके कारण नियमित सर्वेक्षण या कुष्ठ रोग पहचान अभियान में भी ऐसे लोगों की स्वास्थ्य जांच नहीं की जाती है. चिकित्सा अधिकारी डा. भाग्यश्री गावंडे ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से ऐसे लोगों की जांच की गई है. कुसुम अभियान के दौरान जिले के वंचित समूहों के 17,961 व्यक्तियों की जांच की गई और 119 स्वास्थ्य टीमों और 8 पर्यवेक्षकों ने अभियान के दौरान चयनित क्षेत्रों की आबादी का सर्वेक्षण किया और उनमें से 10 लोगों में कुष्ठ रोग के लक्षण पाए गए, जिनमें से 2 आश्रम स्कूल से, 2 ईंटभट्टी से, चावल मिल और फैक्ट्री से 6 ऐसे कुल 10 थे. सहायक निदेशक डा. महेंद्र धनविजय ने बताया कि सीमांत/वंचित मरीजों के लिए मुफ्त दवा शुरू की गई है है.

# अवैध शराब सहित हजारों का माल जब्त

## > शहर के 6 स्थानों पर पुलिस ने की छापामार कार्रवाई

**गोंदिया.**

जिले के अलग-अलग स्थानों पर पुलिस ने छापा मारकर अवैध शराब सहित हजारों का माल जब्त किया है. इसमें पहली कार्रवाई गोंदिया ग्रामीण थानांतर्गत ग्राम नागरा में की गई. यहां से पुलिस ने छायाबाई तोरणलाल चिखलोंढे (46) के घर से कुल कुल 4 हजार की अवैध शराब जब्त की. फिर्यादी देवानंद जियालाल पारधी की शिकायत पर ग्रामीण पुलिस ने मामला दर्ज किया है.

दूसरी कार्रवाई पांढराबोडी निवासी उर्मिला संतोष गणवीर (57) के खिलाफ की गई. इसमें उसके पास से पुलिस ने कुल 6 हजार की अवैध शराब जब्त की.

फिर्यादी पुलिस सिपाही दिनेश श्रीराम पालांदुरकर की शिकायत पर ग्रामीण पुलिस ने मामला दर्ज किया है. तीसरी कार्रवाई ग्राम बटाना में की गई. पुलिस ने कस्तुराबाई ग्यानीराम सतदेवे (60) के घर से कुल 490 रु. की अवैध शराब जब्त की. ग्रामीण पुलिस ने फिर्यादी भुवनलाल बाबुराव देशमुख की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया है. चौथी कार्रवाई डुग्गीपार पुलिस ने सौंदड निवासी विजयकांता जगदीश जनबंधु (65) के घर में की. पुलिस ने यहां से कुल 350 रु. की अवैध शराब जब्त की. डुग्गीपार पुलिस ने फिर्यादी सहायक फौजदार विलास मारोती निर्वाण की शिकायत पर मामला दर्ज किया है. पांचवी कार्रवाई गोरेगांव थाने के तहत गहेलाटोला में की गई. इसमें पुलिस ने अनिल गणपत मेश्राम (50) के घर से 490 रु. की अवैध शराब जब्त की. गोरेगांव पुलिस ने फिर्यादी सहायक फौजदार कंठीलाल धारणे की शिकायत पर मामला दर्ज किया है. छठवीं कार्रवाई सालेकसा थाने के तहत पिपरिया में की गई. पुलिस ने ग्यानीराम येदु उइके (73) के पास से कुल 1 हजार 300 रु. का माल जब्त किया. सालेकसा पुलिस ने फिर्यादी पुलिस हवलदार गणेश पुनालाल सोंजाल की शिकायत पर मामला दर्ज किया है. जांच पुलिस नायक दिनेश जांभुलकर कर रहे हैं.

# फसल खरीदी ऑनलाइन सीमा बढ़ाने पर आमधरे ने माना आभार

**कामठी.**



सरकार ने खरीफ विपणन सीजन 2024-25 में आधार मूल्य पर धान खरीद योजना के तहत ऑनलाइन पंजीकरण के लिए समय सीमा अब 15 जनवरी 2025 तक बढ़ा दी है. पहले यह तारीख 15 दिसंबर 2024 थी. कृषि उत्पन्न बाज़ार समिति कामठी संचालक व मुंबई नियमन सभापति हुकुमचंद आमधरे ने मंत्री जयकुमार रावल को पत्र सौंपकर तारीख बढ़ाने की मांग की थी.

हुकुमचंद आमधरे ने कहा कि अगर सरकार समय सीमा बढ़ाती है, तो इससे निश्चित रूप से राहत मिलेगी. परिणामस्वरूप, मंत्री जयकुमार रावल ने संबंधित को आदेश दिया और समय सीमा बढ़ा दी. पिछली तिथि के अनुसार किसान धान, कपास, सोयाबीन, तुअर, चना बेचने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं करा सके थे. सैकड़ों किसान पंजीयन से वंचित रह गए थे.

इस पर विचार करने बाद एक्सटेंशन मिला. खरीप फसल की खरीदी में ऑनलाइन सीमा बढ़ाए जाने पर हुकुमचंद आमधरे ने मंत्री जयकुमार रावल का आभार व्यक्त किया है.

# संगति के दिव्यांग राइडरों का अनवारूल ने किया स्वागत

**कामठी.**



संगति फाउंडेशन के तत्वावधान में दिव्यागों की 15 दिसम्बर से दिल्ली से शुरू हुई यात्रा आज 3 जनवरी को पूरी होगी. ज्ञात हो कि दिल्ली-श्रीलंका बॉर्डर-दिल्ली 6000 किमी दिव्यांगों द्वारा राइड रेट्रोफिटेड स्कूटी से किया जा रहा है. यह यात्रा टोटल 6000 किमी की 20 दिनों है. यह यात्रा 12 राज्य में भ्रमण की है. इस यात्रा में संगति फाउंडेशन के अमीर सिद्दीकी, पवन कश्यप, सूरज जी, मिस सौम्या, तेजपाल यादव, सुधीर धीर एवं राजू जी अपनी रेट्रोफिटेड स्कूटी से देश के एक कोने से दूसरे कोने तक यात्रा पर निकले किए. इस यात्रा का गुरुवार को कामठी शहर में आगमन पर विदर्भ एजुकेशन फोरम के अध्यक्ष अनवारूल हक पटेल, ई- मीडिया के परवेज अहमद याकुबी ने राइडर यात्रियों का सम्मान किया.

# अरगुलेवार समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए हुए सम्मानित

**कामठी.**




सेवानिवृत सैनिक व तेजस बहुउद्देशीय संस्था संस्थापक अध्यक्ष चंद्रशेखर अरगुलेवार को समाज सेवा के क्षेत्र में काम करने के लिए रेडियंट टेलेंट बुक ऑफ रिकॉर्ड एवं चैतन्य जनता सामाजिक सुरक्षा कल्याण संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जीवन गौरव पुरस्कार व मां संस्कार गौरव पुरस्कार सम्मानित किया गया. चंद्रशेखर अरगुलेवार को यह सम्मान वृद्ध आश्रम के संचालक मौलाना इरशाद पठान, चैतन्य सामाजिक सुरक्षा कल्याण संस्था अध्यक्षा सुनीता ठाकरे, उपाध्यक्ष हाफ़िज़ साबरी के हस्ते सम्मानित किया गया.

चंद्रशेखर अरगुलेवार को समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जीवन गौरव पुरस्कार व मां संस्कार गौरव पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. उन्हें सम्मान मिलने से कामठी शहर भी गौरवान्वित हुआ है. चंद्रशेखर अरगुलेवार पर्यावरण, शैक्षणिक, सांस्कृतिक, स्वास्थ्य सुरक्षा, स्वरोजगार, खेल, पुलिस व आर्मी ट्रेनिंग सेवा, जरूरतमंदों को अनाज वितरण सहित अनेक सामाजिक गतिविधियों में वर्षों से सक्रिय रह कर समाजसेवा का कार्य कर रहे हैं. चंद्रशेखर अरगुलेवार ग्रामीण क्षेत्रों में गांव-गांव जाकर जनजागरूकता अभियान के माध्यम से बेटियों और महिलाओं को प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए जागरूक करने का कार्य करती है.

# रामाकोना में नूतन वर्ष पर गायत्री दीप यज्ञ संपन्न

सौंसर. नूतन वर्ष 2025के आगमन पर प्रति वर्षा नुसार इस वर्ष भी अखिल विश्व गायत्री परिवार गायत्री प्रज्ञा मंडल रामाकोना के सौजन्य से ग्राम के श्री विट्ठल मंदिर रामाकोना में दीपयज्ञ एवं संगीतमय प्रवचन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ. इस अवसर पर गायत्री नवचेतना केंद्र रामाकोना के संयोजक खेमराज श्रीबंधु गुरूजी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए अपने ओजस्वी उद्बोधन में माँ गायत्री की महिमा मंडित करते हुए, गायत्री महामंत्र की महत्ता बताते हुए, नूतन वर्ष में सदैव सद्गुणों को जीवन में धारण करने पर बल दिया गया. इस अवसर पर महादेव जैवार, चिरकुट चरड़े, मंगेश उपासे, भूषण लोहितकार, गुणवंत चौधरी, देविनंदा लोहितकार एवं मालती चौरागड़े द्वारा माँ गायत्री एवं विट्ठल भगवान की पूजा की गई.

# सीआईओ स्पोर्ट्स फेस्टिवल्स 2024 का समापन

**नागपुर.**




बच्चों को मोबाइल फोन से दूर करने के लिए खेल जैसी गतिविधियों का आयोजन अत्यंत आवश्यक है, यह बात सीआईओ के राज्य असिस्टेंट सेक्रेटरी अब्दुल नईम ने सीआईओ स्पोर्ट्स फेस्टिवल्स 2024 के समापन समारोह में कही। यह फेस्टिवल जाफर नगर के ईदगाह ग्राउंड में आयोजित हुआ था। उन्होंने बताया कि खेलों के माध्यम से बच्चों में टीमवर्क, समन्वय, धैर्य और जीवन कौशलों का विकास होता है।

नईम ने कहा कि आजकल बच्चों के पास खेलों के लिए समय नहीं होता, और यही वजह है कि उन्हें मोबाइल फोन की आदत लग जाती है। खेलों में भाग लेने से बच्चों का सर्वगुण विकास होता है, जिसमें शारीरिक, मानसिक, मनोवैज्ञानिक, और नैतिक विकास शामिल है।

अंतर्राष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग गोल्ड मेडलिस्ट अल्फिया शेख ने भी इस आयोजन में शिरकत की और अपनी दिनचर्या की शुरुआत फजर की नमाज़ से करने की बात साझा की। उन्होंने माता-पिता का सम्मान और जीवन में सफलता के लिए महत्वपूर्ण गुण बताए। समापन भाषण के बाद, सीआईओ के शहर अध्यक्ष ख़्वाजा इज़हार अहमद ने प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए। इस दो दिवसीय स्पोर्ट्स फेस्टिवल में 721 बच्चों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया। इस खेल महोत्सव में 5 से 8 वर्ष के बच्चों के लिए पैकिंग बैग रेस, बुक बैलेंस रेस, 9 से 13 वर्ष के बच्चों के लिए बोरी रेस, रस्सा-कशी, 50 मीटर रेस, और 13 से 15 वर्ष के बच्चों के लिए फुटबॉल, गोल शूटआउट, डॉजबॉल जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं। विजेताओं को पुरस्कार और मेडल से सम्मानित किया गया। मेडिकल सर्विस सोसायटी नागपूर ने इस आयोजन के दौरान निशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान की। कार्यक्रम में रेसीडेंसी स्कूल के प्रिंसिपल मुबीन खान, सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज के प्रोफेसर मोहम्मद असरार, राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी ओवैस खान, और अन्य प्रमुख हस्तियाँ उपस्थित थीं। आयोजन की कमेंट्री सोहेल अहमद और अशरफ़ बेलिम ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन हाफ़िज़ शाकिरुल अकरम फ़लाही ने किया।

# अर्धनारीश्वर ज्योर्तिलिंग संस्थान में उमड़ा भक्तों का जन सैलाब

## > भक्तों ने किया अर्धनारीश्वर ज्योर्तिलिंग का विशेष श्रृंगार

**सौंसर.**

पुण्य, पवित्र धर्मनगरी अर्धनारीश्वर ज्योर्तिलिंग मोहगांव नगर में आज नए वर्ष के उपलक्ष्य में विश्व के साढ़े बारह ज्योतिर्लिंग में से विश्व प्रसिद्ध आधा ज्योतिर्लिंग श्री क्षेत्र अर्धनारीश्वर ज्योर्तिलिंग संस्थान मोहगांव में भगवान के दर्शन हेतु भक्तों का जन सैलाब उमड़ पड़ा, वही प्रतिदिन संध्या आरती के पहले भगवान अर्धनारीश्वर ज्योर्तिलिंग का श्रृंगार करने वाले भक्त संध्या श्रृंगार ग्रुप ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिदिन उनके द्वारा भगवान अर्धनारीश्वर ज्योर्तिलिंग की संध्या आरती के पहले भगवान का श्रृंगार किया जाता है ,ठीक उसी प्रकार आज बदलते कैलेंडर के नए वर्ष पर भी उनके द्वारा भगवान अर्धनारीश्वर ज्योर्तिलिंग का विशेष रूप से श्रृंगार किया गया, वही आज सुबह की आरती के पश्चात भक्तों का दिन भर दर्शन हेतु ताता लगा रहा।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 478-9 | 457-6 |
| श्रीदेवी नाईट | 140-5 | 245-1 |
| प्रभात | 367-6 | 480-2 |
| प्रभात नाईट | 557-7 | - |
| डायमंड | 358-6 | 258-5 |
| मेन बाजार | 260-8 | - |
| मिलन डे | 390-2 | 119-1 |
| मेन रतन | 158-4 | 557-7 |
| कल्याण | 344-1 | 470-1 |
| राजधानी डे | 146-1 | 136-0 |
| राजधानी नाईट | 267-5 | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 159-5 | 367-6 |

# संग्राहक दिलीप वानखेड़े की याद में स्वास्थ्य शिविर

**कामठी.**

दिलीप लक्ष्मणराव वानखेड़े की 68वीं जयंती के अवसर पर बौद्ध इतिहास एवं संस्कृति अनुसंधान संस्थान के अंतर्गत दिलीप वानखेड़े फाउंडेशन द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन नागार्जुन संग्रहालय, कुंभारे कॉलोनी, कामठी में मार्गदर्शक एवं अध्यक्ष भदंत नाग दीपांकर महास्थविर द्वारा किया गया.

सिटी हॉस्पिटल के सौजन्य से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. उपसंग्राहक आयु. प्रमोद कुंभारे ने दिलीप वानखेड़े द्वारा किए गए संग्रहालय के कार्यों की समीक्षा की, संग्रहालय के उद्देश्यों के बारे में बताया, कोषाध्यक्ष शुद्धधन पाटिल ने सभी डॉक्टरों का स्वागत किया. कुम्भारे कॉलोनी और बोधि पुस्तकालय के कार्यकर्ता गौतम माटे ने संग्रहालय के उप क्रम के बारे में सभी को शुभकामनाएं दीं.



नवयुवक उच्च प्राथमिक स्कूल और आरोही कॉन्वेंट नर्सरी, के.जी. के छात्रों को भोजन कराया गया. इस अवसर पर नवयुवक स्कूल के संचालक सीताराम रडके, प्रिंसिपल विजय नंदनवार और शिक्षक संग्रहालय के सदस्य प्रमोद टेम्भुरने, अविनाश वानखेड़े, रोहन कुणाल गजभिये, अनिल बेंदले, मोहन सातपुते, विनोद चव्हाण, अशोक कांबले, चंदू पाटिल, विजय ऊके, श्रीकृष्ण सोमकुवर, अशोक वानखेड़े, संजय वानखेड़े आदि गणमान्य कार्यक्रम मे शामिल हुए. कार्यक्रम का संचालन हर्षवर्धन वानखेड़े ने एवं आभार प्रदर्शन कल्पना वानखेड़े ने व्यक्त किया.

# स्कूल परिसर में तंबाकू उत्पाद बेचने पर प्रतिबंध

**गोंदिया.**

जिले में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम व राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, जिला सामान्य अस्पताल, गोंदिया के संयुक्त सहयोग से जिला सर्जन डा. अमरीश मोहबे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. नितिन वानखेड़े, अतिरिक्त जिला सर्जन डा. तृप्ति कटरे के मार्गदर्शन में तंबाकू मुक्त विद्यालय पहल चल रही है. वहीं जिले के सभी आठ तहसीलों के स्कूलों में जाकर तंबाकू व्यसन जागरूकता, मौखिक जांच के साथ-साथ परामर्श और उपचार के माध्यम का उपयोग = करने पर जोर दिया जा रहा है. स्कूल - परिसर में तंबाकू उत्पाद बेचने पर प्रतिबंध - है. फिर भी कुछ स्थानों में इसकी बिक्री - होते दिखाई दे रही है. इसलिए राज्य - सरकार के शालेय शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग = के संयुक्त सहयोग से तंबाकू मुक्त स्कूल पहल शुरू की गई है. राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की जिला सलाहकार डा. ज्योति राठौड़ ने कहा है कि इस पहल के माध्यम से वर्ष 2024 में जिले के सभी आठ तहसीलों के 40 स्कूलों को तंबाकू मुक्त बनाया गया है. इसके लिए शिक्षक कक्षा में छात्रों को जागरूक कर रहे हैं. जो परिसर और स्कूल तंबाकू मुक्त के 11 मानदंडों को पूरा करते हैं उन्हें तंबाकू मुक्त घोषित किया जाता है.

मनोवैज्ञानिक सुरेखा आजाद मेश्राम ने बताया कि अभियान के दौरान सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों को टिफिन बैग, लंच बॉक्स, कलर पेन, साधारण पेन, पानी की बोतल आदि सामग्री वितरित की जाती है. सामाजिक कार्यकर्ता संध्या शंभरकर के माध्यम से तंबाकू मुक्ति की शपथ दिलाई जाती है.

### स्वास्थ्य विभाग कर रहा है कड़ी मेहनत

**गोंदिया तहसील में 23, तिरोड़ा में 4, गोरेगांव, सड़क अर्जुनी और अर्जुनी मोरगांव तहसील में 3-3, आमगांव में 2 स्कूलों को तंबाकू मुक्त घोषित किया गया है. सालेकसा और देवरी में 1-1 40 स्कूलों को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग कड़ी मेहनत कर रहा है. स्कूलों को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम और राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अधिकारियों, समन्वयकों, कर्मचारियों, शिक्षकों, प्राचार्यों और कर्मचारियों ने कड़ी मेहनत की है.**

# विधायक चौरे ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

**सौंसर.**

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पलासपानी में क्षेत्रीय विधायक विजय चौरे द्वारा विधायक निधि से प्रद्दत विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन किए गए। जिसके अंतर्गत ग्राम पलासपानी मे बड़ा देव के पास अतिरिक्त निर्माण कार्य हेतु लागत राशि 1 लाख रुपए,दरगाह के पास रंगमंच निर्माण कार्य हेतु लागत राशि 1 लाख रुपए,बौद्ध विहार के पास अतिरिक्त निर्माण कार्य हेतु लागत राशि 1 लाख रुपए का क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक विजय चौरे द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया गया तदोपरांत ग्राम पलासपानी स्थित यात्री प्रतीक्षालय लागत राशि 2 लाख 70 हजार रुपए तथा ग्राम पंचायत जोबनी के घोघरी में नवनिर्मित यात्री प्रतीक्षालय लागत राशि 2 लाख 70 हजार रुपए का रिबन काटकर लोकार्पण किया।

